an>

Title: Regarding Construction of Service Lane on NH-52 in Hisar Parliamentary Constituency, Haryana

श्री बृजेन्द्र सिंह (हिसार): मेरे संसदीय क्षेत्र हिसार से नेशनल हाईवे 52 गुजरता है जो कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों को जोड़ता है । यह हाईवे मेरे संसदीय क्षेत्र हिसार के गांव तलवंडी राणा, बीर बबरान , जुगलान, ठस्का व अन्य गांवों से गुजरता है और एंट्री– एक्जिट सर्विस लेन ना होने के कारण यहाँ के लोगो को आने- जाने में 6 किलोमीटर घूम कर आना पड़ता है । एनएच-52 हाईवे पर बना पुल इन गांवों के दैनिक यात्रियों के लिए एक बड़ी समस्या है । अतः मेरा माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि ग्रामीणों के दैनिक आवाजाही को मद्देनज़र रखते हुए NH-52 हाईवे पर इन गाँवों के नजदीक एंट्री– एक्जिट सर्विस लेन बनाने का प्रावधान किया जाए ।